भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 860

दिनांक 04 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

.....

इंदिरा गांधी फीडर की जीर्ण-शीर्ण स्थिति

860. श्री कुलदीप इंदौराः

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि हरिके बैराज से निकलने वाले इंदिरा गांधी फीडर की कुल लंबाई 204 किमी है, जिसमें से 151 किमी पंजाब में स्थित है और आरडी 179 और आरडी 496 के बीच लगभग 11 किमी का रिलाइनिंग का कार्य अभी भी लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या फीडर की जल वहन क्षमता अपनी जीर्ण-शीर्ण स्थिति के कारण 18500 क्यूसेक की डिज़ाइन की गई क्षमता के बजाय लगभग 12000 क्यूसेक तक कम हो गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(ग) क्या फीडर की जीर्ण-शीर्ण स्थिति के कारण बरसात के मौसम के दौरान अतिरिक्त पानी को पाकिस्तान की ओर मोड़ना पड़ता है, जिसका उपयोग यदि फीडर की पूरी तरह से रीलाइनिंग की जाए तो राजस्थान के किसानों द्वारा किया जा सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री
(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) और (ख): इंदिरा गांधी फीडर (राजस्थान फीडर) हरिके हेडवर्क्स से निकलती है और इसकी कुल लंबाई 204 किलोमीटर है। इसका निर्माण 18,500 क्यूसेक क्षमता के साथ किया गया है। इसकी वहन क्षमता समय के साथ कम हो गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दिनांक 26.09.2018 को "राजस्थान फीडर (आरडी 1,79,000 से 4,96,000) की रीलाइनिंग" को मंजूरी दी गई। सदस्य (डिज़ाइन एवं अनुसंधान), केंद्रीय जल आयोग की अध्यक्षता में एक समिति द्वारा राजस्थान फीडर की वर्तमान वहन क्षमता 15180 क्यूसेक आंकलित की गई है।

जहां तक आरडी 1,79,000 से आरडी 4,96,000 तक नहर के रीलाइनिंग कार्य का संबंध है, 96.62 किमी के कुल लक्ष्य में से, नहर के 80.00 किमी का रीलाइनिंग कार्य अक्टूबर 2025 तक पूरा हो चुका है।

(ग): सतलुज और व्यास नदियों का पानी मानसून के मौसम अर्थात् बाढ़ के दौरान जब इन नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा होती है, के अलावा पाकिस्तान की ओर नहीं बहता है। ऐसी स्थिति असाधारण परिस्थितियों में या अल्पकालिक मानसून के दौरान उत्पन्न हो सकती है, जब बांधों द्वारा संग्रहित जल स्तर बहुत अधिक हो जाता है और बांध सुरक्षा के लिए पानी छोड़ना आवश्यक हो जाता है।

*****